## खबर संक्षेप

### सौंसर गायत्री जिनिंग में हुआ 7011 का कपास मुहूर्त

**सौंसर**। किसानों की फैसले अब खेतों से निकलकर मार्केट में आनी शुरू हो गई है। मंगलवार को छिंदवाड़ा रोड स्थित गायत्री जिनिंग में कपास का मुहूर्त पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़,जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ की प्रमुख उपस्थिति में किया गया, जिनिग संचालको के द्वारा विधिवत ग्रामीण क्षेत्र से आए किसानों को तिलक लगाकर स्वागत के साथ में 7011 रुपए क्विंटल कपास का भाव खोला गया है। प्रथम दिन लगभग 300 क्विंटल की आवक बताई जाए बताई गई है, इस दौरान कपास व्यवसाय दिलीप बत्रा, कैलाश सुधा नट्टू टावरी, गोल्डी ठाकुर,राजेद्र सावल,किशोर सावल आदि थे।

### आज होगा 'एक शाम श्याम के नाम' का आयोजन



**सिंगोड़ी**। सिंगोड़ी में शनिवार को स्थानीय बस स्टैंड प्रांगण में बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के अवसर पर 'एक शाम श्याम के नाम' का भव्य धार्मिक आयोजन किया गया है यह कार्यक्रम शाम 7:00 बजे से बस स्टैंड रोड सिंगोड़ी में प्रारंभ होगा, जिसमें विशाल भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में इंदौर की सुप्रसिद्ध गायिका रितिका धारसे द्वारा बाबा श्याम के भक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनकी मधुर आवाज भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देगी। कार्यक्रम के आयोजक 'करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम' हैं, बताया गया कि यह आयोजन बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। आयोजकों ने नगर सहित आसपास के सभी भक्तों से निवेदन किया है कि वे परिवार सहित इस कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा श्याम के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त करें और भक्ति रस में डूबें। आयोजन स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं।

## निगम सभाकक्ष में निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

# पीआईसी की बैठक में लगी 8 प्रस्तावों पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




निगम में गहमागहमी के साथ पीआईसी की बैठक संपन्न हुई जिसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस बैठक में पास निर्णयों पर जल्द ही अमल होगा। कई सड़कों, गलियों और चौक के नाम विशेष रूप से बदले गए है।

नगर पालिका निगम की परिषद की बैठक नगर निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र (सोनू) मागो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों से संबंधित विकास एवं नामकरण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में पार्षदगणों की उपस्थिति में नगर विकास से संबंधित निम्नलिखित प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया।

बैठक में नगर के सौंदर्यीकरण, ऐतिहासिक स्मृतियों के संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।बैठक में पार्षदगणों के साथ महापौर विक्रम अहके, आयुक्त चंदप्रकाश राय, निगम सचिव एवं उपायुक्त वित्त कमलेश निरगुडकर , उपायुक्त आर एस बाथम, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर एवं नगर निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### इन प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**प्रस्ताव 01** : एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।
**प्रस्ताव क्र 02**: जी.एस.टी. दरों में ऐतिहासिक कमी के लिए धन्यवाद हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।
**प्रस्ताव क्र 03**:आत्मनिर्भर भारत संकल्प का प्रस्ताव पारित किया गया ।
अन्य पारित प्रस्ताव में **प्रस्ताव क्र. 01**: वार्ड क्रमांक 08 स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के सामने वाली सड़क (गली क्र. 05) का नाम श्री मोनी महाराज मार्ग रखा जाएगा।
**प्रस्ताव क्र. 02**: शहीद लालमन कोठोले की स्मृति में किसी प्रमुख स्थल पर शहीद स्मारक स्थापित किया जाएगा।
**प्रस्ताव क्र. 03**: वार्ड क्रमांक 46 में मोहित चश्मालय के समीप स्थित चौक का नाम हरे माधव चौक रखा जाएगा।
**प्रस्ताव क्र. 04**:राजपाल चौक से पाटनी टाकीज तक की सड़क का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मानिक राव चौरे जी के नाम पर किया जाएगा।
**प्रस्ताव क्र. 05**: वार्ड नं. 43 षष्टी माता मंदिर के पास सिया रोड पर भगवान झूलेलाल के नाम से स्वागत गेट लगाये जाने वार्ड 46 मोहित चश्मालय के बाजू से लगे मुख्य मार्ग पर हरे माधव द्वार लगाये जाने वार्ड नं. 46 लकडी टाल के पास का नाम भगवान झूलेलाल सनातन मंदिर द्वार किये जाने प्रस्ताव पारित किया गया ।
**प्रस्ताव क्र. 06**:केसरी नंदन मंदिर के पास की सड़क का नाम केसरी नंदन चौक रखा जाएगा।
**प्रस्ताव क्र. 07**:चंदनगांव वार्ड क्रमांक 36 में श्यामाप्रसाद वाटिका विकसित करने एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।
**प्रस्ताव क्र. 08**: सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति स्थापना हेतु उचित स्थान चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

## जामसांवली पदयात्रा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पांढुर्णा**। गुरुवार को जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ को विशाल जामसवली पदयात्रा समिति के तत्वाधान में जिला कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण मंडी परिसर में किए जाने सौसर पूर्व विधायक रामराव महाले की प्रमुख उपस्थिति में सौंपा उन्होंने जिला कलेक्टर को कहा कि हम सब पांढुरना जिले की जनता का यह साझा प्रयास है कि हमारे जिले का प्रशासनिक तंत्र जनता की पहुँच में रहे, सुगम और पारदर्शी हो। पूर्व विधायक ने जिला कलेक्टर को स्पष्ट रूप से कहा कि यह निर्णय सौसर के मात्र तीन लोगों के लिए हो रहा है,जिला पांढुरना,नंदनवाड़ी और सौसर क्षेत्र के जनमानस लोक हित में इस पांढुरना जिले की प्रशासनिक संरचना इसी उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय का निर्माण मंडी परिसर में किए जाने की मांग की गई है। साथ ही मंडी परिसर न केवल भौगोलिक दृष्टि से सुविधाजनक स्थान है,बल्कि यहाँ पर आवश्यक बुनियादी ढाँचा और जनसुविधाएँ भी उपलब्ध हैं, जिससे आम नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों के लिए बार-बार दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह स्थान जनता की आसान पहुँच में है,यातायात की दृष्टि से सुविधाजनक है,और ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों के लिए समान रूप से उपयुक्त है।तथा मुख्य रेलवे लाइन होने की वजह से दो-दो घंटों तक का यातायात अवरुद्ध होता है, इमरजेंसी में यह घातक सिद्ध होगा।हम सभी जागरूक नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस जनहित याचना में अपना समर्थन दें, ताकि प्रशासनिक सुविधा और जनसुविधा दोनों का संतुलित विकास हो सके। इस अवसर पर सौसर के पूर्व विधायक रामराव महाले विशाल जामसवली समिति अध्यक्ष मनोज गुड्डे, एड.कैलाश सांबारे,पूर्व सरपंच रामसू उईके,श्री भुसारी मामा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फसल चरने घुसी तीन गायों को मारी कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया







माहुल झिर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमी में पालतू जानवर को कुल्हाड़ी मारे जाने का मामला सामने आया है! प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसमी निवासी जगदीश यादव की तीन पालतू गाय जो उनके बतलाए अनुसार शिवम के खेत में कोदू कुटकी की फसल खाने खेत में घुस रही थी! जिससे नाराज होकर शिवम ने गायो को कुल्हाड़ी गुस्से में आकर मारी जिससे तीनों गाय गंभीर रूप से घायल हो गई! जगदीश यादव ने माहुल झिर थाना पहुंचकर गायो को कुल्हाड़ी माने जाने की शिकायत दर्ज करवाई जिसको संज्ञान में लेकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और प्रार्थी के अलावा प्रत्यक्ष दर्शियों के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया! और घायल गायों का उपचार के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी को घायल गायों की एम एल सी करवा कर उपचार कराया एवं आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की भी जानकारी लग रही है! बतलाया यह भी जा रहा है! कि ग्रामीणों ने आपसी समझौते का भी प्रयास कराया लेकिन आरोपी और फरियादी समझोते को तैयार नहीं हुए? मामला पुलिस ने विवेचना में ले लिया है।

## स्टीकर के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक



**तामिया**। भारतीय जनता पार्टी मंडल तामिया के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन के लिए हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान चला कर, पर्चे एवं स्टीकर के माध्यम से जनसंपर्क किया गया जिसमें की भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची , वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश सलामे,महामंत्री विनय साहू सुमंत्रा ठाकुर, उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया अरविंद पंद्रे , किरण बाजपेई युवा नेता ऋषभ सूर्यवंशी हरिओम यादव जय गुप्ता ,सोशल मीडिया धर्मेंद्र बसनिक आकाश मंडराह, पवन सूर्यवंशी जितू भलावी समेत अन्य युवाओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

### संदीपनी स्कूल का किया रंगरोगन

**दमुआ**। शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमुआ में जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा द्वारा भवन की रंगाई,पुताई,मरम्मत कार्य,रंग रोगन कार्य किया गया।जिसमे बिछुआ के पवार कंस्ट्रक्शन ने उक्त कार्य को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गौरी सिसोदिया केलाबाग के संरक्षण में सम्पन्न किया।वर्षो से उक्त भवन की देख रेख नहीं होने के कारण भवन की स्थिति बहुत खराब होते जा रही थी।जिसको जिले के ट्राइबल विभाग द्वारा संज्ञा न लिया गया व विद्यालय के लिए राशि आबंटित की गई।

## दमुआ थाना क्षेत्र का मामला

# खुलासा: चाचा और भतीजे ने मिलकर की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



मामूली विवाद होने पर चाचा भजीते ने मिलकर युवक की गला रेतकर हत्या कर दी दमुआ पुलिस ने दोनो आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूम्बर को ग्राम चिमनीढाना निवासी हंसराज पन्द्राम 25 वर्ष अपने परिवार के साथ मंगलवार को मण्डई मेला देखने राखीकोल निकला उसके साथ ब्रजपुरा के दो साथी भी थे मेला देखकर परिवार पैदल घर निकल गया मढई मेला देखने के बाद जब हंसराज पन्द्राम अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहा था तब उसकी मुलाकात ग्राम ब्रजपुरा निवासी पूनाराम धुर्वे और उसका नाबालिग भतीजे से हुई हंसराज पन्द्राम दोनो के साथ बाईक मे बैठकर के चला गया परिवार के सदस्य पैदल अपने घर पहुंच गये देर रात तक हंसराज पन्द्राम अपने घर नही लौटा 28 अक्टूम्बर को उसका शव भैसासुर रोड पर स्थित चील घर के पास पेड के नीचे पडा मिला हंसराज पन्द्राम की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी इस पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तालाश मे जुट गई थी पुलिसे उक्त मामले में ब्रजपुरा निवासी पूनाराम धुर्वे 31 वर्ष उसके नाबालिग भतीजे के गिरफ्तार कर हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है और दोनो के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तीनो शराब लेकर भैसासुर रोड पर स्थित पुराने चील घर के पास खुले स्थान पर गये जहां तीनो ने मिलकर शराब पी शराब पीने के बाद मृतक हंसराज पन्द्राम का किसी बात को लेकर पूनाराम धुर्वे नाबालिग भतीज से विवाद हो गया था विवाद होने पर मृतक हंसराज पन्द्राम अपने रखा चाकू निकाल लिया और नाबालिग युवक को धमकाने लगा इस बात पर आरोपी पूनाराम धुर्वे मृतक हंसराज को पकड लिया और उसके भतीजे ने उससे चाकू छीनकर उसके गले पर वार कर दिया जहां हंसराज जमीन पर गिर गया।

## नागर शैली से निर्मित होगा भव्य गर्भगृह: कलेक्टर

**सौसर**। नवागंतुक कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के द्वारा चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में मंदिर ट्रस्ट कमेटी एवं पदाधिकारी की बैठक लेकर हनुमान लोक के सर्वांगीण विकास एवं रुके हुए कार्य को लेकर सिलसिलेवार चर्चा की,कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा हनुमान लोक में चल रहे निर्माण कार्य आयोजन संबंधी जानकारी दी,श्री हनुमान लोक के अविस्मरणीय आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया गया। बैठक में बताया कि यह है कि यह स्थान केवल एक मंदिर न होकर, श्री हनुमान के दिव्य जीवन, उनकी असीम शक्ति और अनवरत भक्ति से प्रेरणा लेने का एक पवित्र तीर्थ बने। इसका लक्ष्य श्रद्धालुओं को न केवल दर्शन का सौभाग्य प्रदान करना है,मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधीक्षण यंत्री राजीव श्रीवास्तव, आर्किटेक्ट संगीता वैश्य ने हनुमान लोक के भविष्य के स्वरूप को दर्शाते हुए एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। नागर शैली में निर्मित होने वाले भव्य और दिव्य गर्भगृह और मंदिर की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई, जो इस परियोजना का केंद्रीय आकर्षण होगा। बैठक में संस्थान ने दूरदर्शिता के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम पहुँच के लिए आवश्यक सुविधाओं को जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए।इस दौरान सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर ट्रस्टी एवं जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ सहकोषाध्यक्ष मनोहर शेलकी,ट्रस्टी अजय धवले, नितिन बागानी आदि थे।



## कार्तिक मास में दीपदान महोत्सव कीर्तन भजन के साथ सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गत दिनों गांधीगंज पंचश्वेर हनुमान मंदिर में केशव साहू के परिवार द्वारा कार्तिक मास में भव्य दीपदान महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण राधाजी का चंदनपुष्प फलों से केशव साहू, घनश्याम साहू, ओजस साहू, गौरव साहू द्वारा पूजा अर्चना की गई, तपश्चात गाधीगंज के प्रमुख राजकुमार अग्रवाल, अमित महेश्वरी, उमेश अग्रवाल, राहूल साहू, नेमीचंद ब्योम, शंकरलाल साहू, अशोक संचेती द्वारा पुष्पमाला अर्पित किये गये। इस्कॉन अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर दास (संतोष नेमा) ने कार्तिक मास की प्रमुख लीला राधाकुण्ड आविर्भाव एवं बहुला अष्टमी की कथा सुनाई। अजय गोपाल दास एवं सचिसुत दास ने कार्तिक मास में दीपदान का विशेष प्रकाश डालते हुए भव्यदीपदान सम्पन्न कराया एवं नरसिंह प्रणाम के साथ कार्यकम पूर्ण सम्पन्न कराया। दीपदान उत्सव पर इस्कॉन के सैकड़ो भक्तों एवं महिलाओं ने सुंदर हरिनाम संकीर्तन भजनों में शानदार नृत्य कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूर्ण उत्साह के साथ भक्तीमय माहौल का आनंद उठाकर प्रसाद भंडारा ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल किया।

## विधायक के दखल से कब्ज़ादारों को मिली राहत

### रेलवे ब्रिज के दोनों ओर 20 से 30 मीटर हटेगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि के दखल से रेलवे ब्रिज के आसपास कब्ज़ादारों को राहत मिली है। रेलवे अब ब्रिज के दोनों ओर 20 से 30 मीटर दायरे में आने में मौजूद दुकानों और मकानों को तोड़ेगा । रेलवे अधिकारियों ने मार्ग के दोनों ओर तोड़े जाने वाले मकानों और दुकानों को चिन्हित कर दिया है ।लंबे अरसे बाद परासिया - न्यूटन मार्ग पर स्तिथ रेलवे ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने जा रहा है ।

रेलवे द्वारा इस मार्ग पर मौजूद मकानों और दुकानों को तोड़ने का नोटिस दिया गया है । जिसके बाद से आसपास के कब्ज़ा धारी तनाव में है । शुक्रवार को जब रेलवे अधिकारी नाप - जोख करने और निशान लगाने पहुंचे तो विधायक सोहन वाल्मीकि भी पहुंचे उन्होंने अधिकारियों से बात की , कहा , कि जितना निर्माण होना है उतना ही अतिक्रमण तोड़ा जाए । जिसके बाद अधिकारियों ने रेलवे ब्रिज के दोनों ओर 20 से 30 मीटर के दायरे में आने वाले अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए ।

अधिकारियों से चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता वीर बहादुर सिंह , आशीष सिकंदरपुरे , अकबर खान , पार्षद रुक्मा बंसोड़ , दुकान और मकान मालिक मौजूद रहे । 16 फिट चौड़ा , 45 फिट लम्बा होगा ब्रिज :- रेलवे ब्रिज का कार्य अनुमानतः 9 - 10 नवंबर से शुरू हो जाएगा । ब्रिज 16 फिट चौड़ा और 45 फिट लम्बा होगा । ठेकेदार को यह कार्य 145 दिन यानि , कि चार माह 25 दिनों में पूरा करना होगा ।

### आवागमन रहेगा बंद

जबतक कार्य पूरा नहीं होगा तब तक आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा । इस मार्ग से परासिया आने वालों और तामिया , पिपरिया की ओर जाने वालों को खिरसाडोह बायपास या ई डी सी , से परासिया वार्ड एक , ओझा मोहल्ला से होकर जामई रोड पर स्तिथ साईं मंदिर के सामने से निकलना होगा ।

# आगजनी: कार सहित मशीनें जलकर राख

### न्यूटन और जुन्नारदेव से आई फायरबिग्रेड, दुकान मालिक को 25 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





दलेल मार्ग स्थित नमक अलाईमेंट में दुकान बंद करने के बाद अचानक आग लगती दिखी तो आसपास के दुकानदारों ने मालिक और पुलिस को सूचना दी। अज्ञात कारणों से आग भडक चुकी थी तब पुलिस ने न्यूटन एवं जुन्नारदेव से फायरबिग्रेड बुलाई गई। फायरबिग्रेड पहुंचने से पहुंचने से पहले आग विकराल रूप ले चुकी थी। अलाइमेंट में रखे लाखों रूपए के टायर, ट्यूब एवं मालिक की कार जलकर राख हो गई। इसके साथ ही अलाइमेंट की कम्प्रेशन मशीन सहित अन्य मशीनों इस आग की भेंट चढ़ गई। आग लगने के कारण कम से कम 25 लाख रूपए से अधिक का नुकसान होना लगाया जा रहा है।

पुलिस ने आग लगने के दौरान दोनों ओर से यातायात रोका और बमुश्किल आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखी सहित कार सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो चुकी थी। आगजनी की दुर्घटना को देखने के लिए साप्ताहिक बाजार लोग देखने उनकी भीड़ उमड़ी। इस भीड़ को हटाने के लिए टीआई आशीष जैतवार सहित पुलिस दल हटाने में लगा रहा। इस घटना के दौरान किसी भी प्रकार की कम्प्रेशन न हो और गैस िसलेंडर ब्लास्ट न हो इसके लिए पुलिस ने वहां पहुंचकर स्थिति को संभाला।

## नंदोरा में स्थित शिव मंदिर में पुनः होगी प्राण प्रतिष्ठा

**सिंगोड़ी**: विगत दिनों ग्राम नंदोरा में हुए दो पक्षों के विवाद के दौरान खुले मंदिर परिसर में स्थित शिवलिंग के खंडित हो जाने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसको लेकर शुक्रवार को सिंगोड़ी के धर्मावलंबियों ने उक्त गांव का निरीक्षण कर सामान्य बनाने प्रयास किया।जिसमे सिंगोड़ी से जनपद सदस्य योगेश यादव, रामकिशोर साहू , शैलेंद्र जैन, अधिवक्ता अखिल सोनी मोहित साहू, राजेंद्र सोनी, नारायण प्रजापति, कमलेश सोनी, सुभाष कसार, गिरीश साहू, दीपेंद्र कंच सहित अन्य ने ग्राम नंदौरा के गणमान्य नागरिको से घटना को लेकर बात की गई तथाउक्त घटना की सभी उपस्थित लोगों ने निंदा की और घटना स्थल पर व्यवस्था बनवाई एवं शिव मन्दिर में पुनः प्राण प्रतिष्ठा करवाने हेतू सभी की उपस्तिथि में निर्णय लिया गया। वही बताया गया की सिंगोड़ी जनपत सदस्य योगेश यादव ने इस संबध में सभी को एकत्रित किया जिसकी सभी ने प्रशंसा की है।



## शिक्षक के खाते से गायब हुए 50 हजार रूपए, पुलिस की कराई शिकायत

# 10:38 AM पर ई अटेंडेंस, 10:39 पर आया ओटीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




आज के इस आधुनिक और तकनीक के दौरान में साइबर फ्रॉड से कब , कौन , कहां शिकार हो जाए कहा नहीं जा सकता है और जब एक शिक्षक इसका शिकार हो जाए तब क्या ...? जी हां एक प्राथमिक शिक्षक जब अपने स्कूल पहुंचा और 10:38 AM पर ई अटेंडेंस लगाई , उसके बाद शिक्षक के मोबाइल पर 10:39 AM पर एक ओटीपी आया और फिर उसके खाते से 50 हजार रूपए कट गए ।

ये संयोग है या फिर ई अटेंडेंस मशीन और शिक्षक के खाते का कोई कनेक्शन तो नहीं । यदि ऐसा होगा तो मामला गंभीर हो सकता है ।दरअसल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में ई अटेंडेंस अनिवार्य किया है । जिसके लिए मशीन लगी हुई है । परासिया विकास खंड में ग्राम पंचायत दमुआ (कोहका) है । जहां की माध्यमिक शाला में शिक्षक तेजलाल तेकाम प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं । वे रोजाना की तरह गुरुवार 30 अक्टूबर को स्कूल पहुंचे और ई अटेंडेंस लगाई , अटेंडेंस लगाने के कुछ देर बाद शिक्षक के मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज आया । उन्हें लगा , कि कोई विभागीय सन्देश है । उन्होंने सन्देश देखा । थोड़ी ही देर में दूसरा सन्देश आया जिसमें शिक्षक के खाते से किसी अन्य खाते में राशि ट्रांसफर होने का सन्देश था । इसके बाद शिक्षक सकते में आ गया । शिक्षक ने इसकी शिकायत विभागीय स्तर पर की है। बी ई ओ श्रीराम धुर्वे ने शिक्षक को इस मामले की शिकायत पुलिस से और जिला शिक्षा अधिकारी से भी करने को कहा है ।

### ई अटेंडेंस मशीन और बैंक खाते का कोई लिंक तो नहीं

शिक्षक के साथ हुई घटना सामान्य तौर पर संयोग लग रही है , पर सवाल ये है , की कहीं मशीन और खातों का साइबर फ्रॉड करने वालों ने कोई लिंक तो नहीं बना लिया । इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए । अगर ऐसा हुआ है या हो रहा है तो अन्य शिक्षकों को सावधान रहने की जरूरत है।

## पिपलानारायणवार में विधायक चौरे ने किया विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन

# पिपला में हो रहे निरंतर विकास कार्यः नपाध्यक्ष अरुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर पिपला नारायण वार के वार्ड 04 में श्री नारायण मंदिर परिसर में निर्माण कार्य हेतु पूर्व सांसद नकुल नाथ के द्वारा सांसद निधि से वार्ड 14 में विधायक निधि से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक विजय चौरे पिपला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरुणा कैलाश चौधरी के द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नप पिपला अध्यक्ष श्रीमती कैलास चौधरी ने कहा की समस्त नगर वासियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सांसद नकुलनाथ सहयोग मार्गदर्शन में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर पीपला ना वार नगर का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।नगर के 15 वार्ड वासियों को बिजली सड़क पानी साफ सफाई स्वच्छता के साथ हितग्राही मूलक जनकल्याणकारी योजनाओं का नगर वासियों वार्ड वासियों को लाभ आसानी से उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य को लेकर परिषद के द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, अशोक चौधरी, पुनाराम बाविसटाले,विलास जोगी,हिरामन गजभिए वामन चौधरी,अरुण लाड़से,गजानन वाखारे नितेश दंदी,संपत राउत,नारायण चौरे धनराज चौरे,प्रभाकर चौरे,पंकज गोयदानी,दीपक सालबर्डे,कैलाश सांबरतोड़े, देवीदास कामड़े,विनायक धोटे ,दिनेश घोटे आदि थे।

## युवा करें सरदार पटेल के विचारों को आत्मसादः मोहोड़

**सौंसर।** शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोर सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा सौसर नपा उपाध्यक्ष विनोद जिंधारे के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा वर्तमान परिवेश में सभी कार्यकर्ताओं ने देशवासियों ने और युवाओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी से उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए कार्य करना चाहिए। सरदार पटेल जी ने राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भरता और जनसेवा की जो नींव रखी, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक है। राष्ट्र उनके अद्भुत साहस, दृढ़ संकल्प और त्याग के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता हरीश बत्रा,राजेन्द्र भक्ते,जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे प्रीतम राऊत,श्रीमती उषा भमोरे, आशीष चांडक, दर्शन झाडे नरेंद्र कुकड़े आदि उपस्थित थे।



## लौह पुरुष की जयंती पर गूँजा एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था — "भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका"।स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी राजकुमार कुशवाहा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कूटनीतिक दृष्टिकोण से स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में बाँधा। उन्होंने रियासतों के विलय द्वारा देश की एकता और अखंडता को स्थायी रूप प्रदान किया।जितेंद्र दिवाकर ने अपने व्याख्यान के दौरान कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की लगभग 565 रियासतों का शांतिपूर्ण एकीकरण सरदार पटेल की राष्ट्रनिष्ठा और दूरदर्शिता का परिणाम था। उनके नेतृत्व ने देश की नींव को सुदृढ़ बनाया और भारत को अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।वक्ता के रूप में डॉ. विमल कुमार कौशले ने बताया कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने बताया कि जिस दृढ़ निश्चय, संगठन कौशल और सेवा भावना से पटेल ने कार्य किया, वही आज के भारत के निर्माण की नींव है।सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन परिचय पर आधारित डाक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन दिखाई गई।कार्यक्रम का संचालन सुषमा टांडेकर द्वारा किया गया।अंत में सभी ने एक स्वर में राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया —"एकता में ही शक्ति है, भारत की एकता हमारी सबसे बड़ी पहचान है।" इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमएलबी में राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुई स्वच्छता सभा



**छिंदवाड़ा।** 31 अक्टूबर के शुभ दिन भारत के प्रथम उप प्रधान मंत्री, गृहमंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्री माननीय सरदार बल्लभभाई जी पटेल के 150 वें जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाकर विविध अनुष्ठान किए गए।इस अवसर पर नगर के महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन द्वारा स्वच्छता सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्राचार्य के साथ बड़ी संख्या में गुरुजनों सहित छात्राओं के साथ समाज सेविका सुधारनी पाटनी, इनरव्हील क्लब की अध्यक्षता श्वेता पाटनी घई, डॉक्टर निधिश्री जैन, आराधना कासलीवाल, हिना पाटनी, चांदनी पाटनी ने हिस्सा लिया।सभा के दौरान दीपक राज जैन द्वारा सभी छात्राओं सहित अतिथियों को जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ भारत की एकता एवं अखंडता के सहित अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया गया। सुंदर आयोजन के लिए शाला परिवार द्वारा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन सहित स्वच्छता टीम नगर पालिक निगम का आभार व्यक्त किया ओर अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया।

## रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने जाना राष्ट्रीय एकता का महत्त्व

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शुक्रवार को चन्दन गाँव स्थित शास. उ. मा. वि. चन्दन गाँव में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत संवाद, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई । आयोजित कार्यक्रम में प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति शैली यादव, शिक्षक विकास डबली, श्रीमति प्रगति पटेरिया, श्यामल राव, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहें । इस अवसर पर प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने छात्रो को संबोधित करते हुए बताया कि हम आज सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे हैं । जिन्होंने हमारे देश की एकता एवं संप्रभुता को बनाये रखने के लिए इनके द्वारा किये गए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता । हम सभी को आपस के मत भेद को भूला कर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने एक जुट रहने की आवश्यकता है । प्राचार्य शैली यादव ने कहा की हम आज जिस अखंड भारत को देख रहे हैं उसके निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का अमूल्य योगदान रहा है । उन्होंने आज के भारत के निर्माण एवं उसे एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । यदि उनकी दूरदर्शिता नहीं होती तो आज भारत कई टुकड़ो में विभक्त हो जाता । श्यामल राव ने कहा कि कोई भी देश तभी आगे बढ़ सकता है जब देश का हर नागरिक आपस में मिलजुल कर एकता के साथ देश के विकास में साथ दें । यदि हम आपस में ही लड़ते रहेंगे तो हम आज के परिवेश में पिछड जायेंगे और हमारा देश आर्थिक रूप से कमजोर हो जायेगा । आयोजित कार्यक्रम में रंगोली में विजेता प्रतिभागियों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रज्ञा निम्बालकर, शिवानी बरमैया, यासमीन खान एवं भाषण प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय खुशाल चिल्हाटे विभा पहाड़े, एवं सृष्टि चंद्रवंशी, को उपस्थित अतिथियों के हस्ते पुरस्कृत किया गया ।



### भाजपा नगर मंडल ने मनाई पटेल की जयंती

**पांढुर्णा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पांढुरना के व्दारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी 150 वी जंयती कार्यालय में मनाईं गयी । जिसमें जिला प्रभारी श्री कृष्ण कुमार डोबले ,कार्यक्रम के प्रभारी श्री नरेन्द्र परमार जी पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले , न.पा अध्यक्ष श्री संदीप घाटोडे , जिला उपाध्यक्ष श्री यादवराव डोबले ,श्री उज्ज्वलसिंह चौहान ,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश बंटी छांगाणी , सहप्रभारी श्री पंकज नाईक ,श्री अरूण भोंसले ,श्री मोहन घोड़े ,श्री महेन्द्र जी पोपली,श्री देवीदास राऊत ,श्रीमती भुषना हिवसे,श्री सतीश बांबल,श्री नाना तिवस्कर,श्री प्रवीण निंबुलकर,श्री संजय बोडखे,श्री माधव पाटिल,श्री नितिन बेहुने,श्री गिरीश कोरडे,श्री सुनिल अमजीरे,श्री दुर्गेश ऊईके,श्री प्रदीप कामदार,श्री लोचन खवसे,श्री महेन्द्र घोड़े, रोशन चातरकर ,श्री मति शंकुनताई बालपांडे, श्रीमती सिंधुताई डाबरे, श्रीमती रावल, श्रीमती हर्षा बत्रा, श्रीमती प्रेरणा धुर्वे, श्रीमती कल्पना वघाले,जिला पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी, पार्षदगण, विरिष्ठ पदाधिकारीगण, मातृशक्ति, कार्यकर्तागण उपस्थिति थे।

### गरीब मरीजों के आधार और आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर रूपये हड़पने का आरोप

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मरीजों की आंखों में धूल झोंक रहा सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर

### दीप ऑप्टिकल्स आई केयर किरनापुर की मिलीभगत से हो रहा ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज लांजी।




देश में करोड़ों लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इन लोगों को जीवन में गुजर बसर करते समय कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार जब इन लोगों को किसी प्रकार की गंभीर बीमारी हो जाती है तो पूरे परिवार के ऊपर आफ तों का पहाड़ टूट पड़ता है। पैसों के अभाव के चलते ये लोग अपना ठीक ढंग से इलाज नहीं करा पाते हैं। कई बार तो ठीक इलाज न मिल पाने के कारण लोगों की जान तक चली जाती है। भारत सरकार ने इसी समस्या को देखते हुए साल 2018 में एक शानदार योजना को शुरू किया था। इस स्कीम का नाम आयुष्मान भारत योजना है। इसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है। भारत सरकार इस योजना के अंतर्गत गरीब लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान कर रही है। आयुष्मान भारत योजना के लागू होने के बाद देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। इस योजना के लागू होने के बाद अब गरीब और वंचित वर्ग से जुड़े लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। परंतु भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी और निर्धन परिवारों की हितैषी योजना का गलत फायदा जबलपुर सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल द्वारा उठाया जा रहा है। इस कार्य में लांजी क्षेत्र के कुछ ग्रामीण चिकित्सक एवं दीप ऑप्टिकल आई केयर किरनापुर के संचालक अमरदीप रामटेके द्वारा सहयोग किया जा रहा है और गरीब मजदूरों के हक की राशि में डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है।

### बुजुर्ग मरीज ने सुनाई अपनी आपबीती

इस मामले में ग्राम पीपल गांव निवासी मानिक लाल अवसरे ने बताया कि दीप ऑप्टिकल के संचालक दीप रामटेके और झोलाछाप डॉक्टर श्री बावनकर ने गांव में आकर निशुल्क जांच का प्रलोभन दिया और जबलपुर के सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में ले जाकर प्राइवेट इलाज करवाया। इस दौरान मरीजों से फिं गरप्रिंट लेकर आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया गया। पीड़ित मरीजों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद भी उनकी आंखों में कोई सुधार नहीं हुआ है और आयुष्मान कार्ड से राशि निकाल ली गई है। वहीं अन्य शारीरीक समस्याओं से ग्रस्त हो गए है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गरीब मरीजों के साथ हुई धोखाधड़ी का न्याय किया जाए। बुजुर्ग मरीजों ने बताया की हमे उपचार के दौरान बहुत प्रताड़ित किया गया और भोजन पानी के लिये भी बहुत परेशान किया गया। जिसके कारण हमें अपनी निजी खर्च पर अपनी रहने खाने की व्यवस्था करनी पड़ी।

### द्वारिकाधीश फांडेशन ट्रस्ट के नाम से की जा रही धोखाधड़ी

उक्त मामले में जानकारी अनुसार दीप ऑप्टिकल्स आई केयर किरनापुर के संचालक अमरदीप रामटेके द्वारा जबलपुर के सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संचालक के साथ मिलकर द्वारिकाधीश फांडेशन ट्रस्ट के नाम से क्षेत्र के लोगों के साथ लगातार धोखाधड़ी की जा रही है। परंतु जागरूकता के अभाव में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। जिसके कारण अब तक सैकड़ों लोगों के साथ फर्जीवाड़ा किया गया है। वहीं दीप ऑप्टिकल्स आई केयर किरनापुर के संचालक अमरदीप रामटेके द्वारा पॉम्पलेट में प्रत्येक माह की 20 तारीख को विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की जानकारी देकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है और गरीब, निर्धन परिवार के मरीजों को सरकार से मिलने वाली आयुष्मान भारत योजना की राशि पर सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संचालकों के साथ मिलकर डाका डाला जा रहा है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा इस संबंध में जानकारी से अवगत कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर इस मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**मृणाल मीणा,**
**कलेक्टर बालाघाट**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है जो काफी गंभीर है, इस प्रकार का कृत्य अगर गरीब मरीजों के साथ किया गया है तो जांच कराकर विधि संगत कार्यवाही की जाएगी। और जो भी व्यक्ति इस तरह के फर्जीवाड़े में लिप्त पाये जाते है तो उनके विरूद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**परेश उपलप,**
**सीएमएचओ बालाघाट**

## भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती महाविद्यालय किरनापुर में मनाई गई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात समस्त उपस्थितजन ने सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन द्वारा की गई।

प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अदम्य साहस, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व के कारण ही भारत का एकीकरण संभव हुआ। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में भी राष्ट्रीय एकता, समरसता और अखंडता की भावना को बनाए रखना चाहिए तथा सरदार पटेल के आदर्शों को अपने आचरण में उतारना चाहिए।

इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. पल्लवी रिनाहिते ने "राष्ट्रीय एकता में युवाओं की भूमिका" विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत की एकता के प्रतीक थे। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे विविधताओं में एकता की भावना को अपने दैनिक जीवन में अपनाएँ और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा सरदार पटेल के योगदान को स्मरण किया।

## कनक कटारे ने रंगोली प्रतियोगिता में जिले में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित जिला स्त्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के श्रेणी 'ख' विद्यालय स्तर (हायर सेकण्डरी) में केशव इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी की कक्षा बारहवीं की छात्रा कनक कटारे ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

विद्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में 'संस्कार भारती' के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खण्डेलवाल द्वारा कनक कटारे को एक हजार रूपये की राशि व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और अपनी कला को मंच तक लाने के लिए आगे बढने का आव्हान किया।

कनक की इस शानदार सफलता के लिये समस्त स्टाफ एवं ज्ञान विकास समिति ने शुभकामनाये प्रेषित की। ज्ञातव्य है कि पुरूस्कार की राशि 'ड्रीम फिटनेस सेंटर' वारासिवनी की संचालिका सुनीता पंचम हनवत द्वारा प्रदान की जाती है। सभी ने उनका आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर लांजी महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी के महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई और स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौतमा कठाने ने सरदार पटेल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। प्रो. सुरेन्द्र कुमार चिखले ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता के महत्व पर चर्चा की। डॉ. कांता वर्मा ने सरदार पटेल के राजनैतिक जीवन के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. आर. सोनवाने ने छात्र/छात्राओं को एकता की शपथ दिलाई और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन नितेश मेश्राम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

### क्रिकेट मैच के रोचक मुकाबले ने चोरपिंडकेपार की टीम बनी विजेता

# साईटोला कटोरी में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



साईटोला कटोरी में प्रीमियम लीग ग्रामीण स्तरी टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग मैच चोरपिंडकेपार और साईटोला टीम के बीच शुक्रवार को खेला गया। रोचक मुकाबले में चोरपिंडकेपार की टीम सात विकेट विजय बनी। जानकारी के अनुसार पहले ट्रास जीतकर साईटोला की टीम ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पूरी टीम 6 ओवर में 24 रन बनाकर आऊट हो गई। कोई भी खिलाड़ी चोरपिंडकेपार की गेंदबाजी के सामने उम्दा प्रदर्शन करने से चूक गया। बावजूद साईटोला के खिलाड़ीयो ने हर संभव बेहतरीन प्रदर्शन करने का मैदान में प्रयास किया,कुछ हद तक सफल भी हुए।ओपनर बल्लेबाजो ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन ज्यादा समय तक क्रिज पर टीक नही पा सके,पुरी टीम 24 रन बनाकर आऊट हो गई। चोरपिंडकेपार की टीम ने 2 ओवरो में 3 विकेट आऊट होकर 25 रन बनाकर जीत हासिल की। चोरपिंडकेपार की टीम ने अच्छी रणनीति तैयार कर टूर्नामेंट में मैच को जीता । चोरपिंडकेपार की टीम की ओर से प्रल्हाद झोडे ने रोचक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिया तथा कामेश्वर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 15 रन बनाए। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन ग्राम सरपंच डेविड मेश्राम के द्वारा किया गया।टूर्नामेंट का समापन पूर्व उपसरपंच डूलीचंद पटले के उपस्थिती में किया जाएगा। तथा प्रतियोगिता की अध्यक्षता रेखलाल शेंडे उपसरपंच के द्वारा की जा रही है। ऐसी प्रतियोगितता के आयोजन से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ीयो के पास अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन मौका होता ।

**खबर संक्षेप**

### जिले में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार 01 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड सिवनी में समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। प्रातः 09 बजे कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा ध्?वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, उत्कृष्ट कार्यों एवं जिला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों में शनिवार 01 नवंबर की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

### प्राचीन सूर्य मंदिर प्रांगण में 3 नवंबर को मड़ई मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता महाकाली मशानी दरबार मड़ई (मेला) का आयोजन सोमवार, 3 नवंबर को किया जा रहा है। यह आयोजन श्री प्राचीन सूर्य मंदिर दुर्गा उत्सव समिति एवं श्री प्राचीन सूर्य मंदिर महिला समिति, सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में होगा।



### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय हाई स्कूल समनापूर 23440112908 मे बच्चो को खेल कुद प्रतियोगिता में संभाग स्तर से नेशनल स्तर पर कक्षा 9 वी का छात्र लव टेमरे एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर पहुँच गया है। एवं शिक्षको का रहा विशेष योगदान।
प्राचार्य श्रीमती सुनीता ओसवाल श्रीमती ललिता कुर्वेति मा. शि. ओमप्रकाश अग्रवाल. भिकम सिंह कुर्वेति उमा पटले, श्रीमती नीलू सोलंकी मा.शि सुरेंद्र हनवत एवम आनंद सेन सर का विशेष सहयोग पाकर बालक लव टेमरे की मेहनत लगन का फल है जो इसे नेशनल लेवल पर खेलेंगे।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराई एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के बरघाट थाना क्षेत्र में बरघाट गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई। हादसे में प्रियांश नागेश (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, प्रियांश नागेश बोरी कला गांव से बरघाट की ओर जा रहे थे। गांव के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक सडक़ पर पड़े पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस दुर्घटना में उनके सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रियांश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरघाट में भर्ती कराया गया।

# रीवा सेंट्रल जेल में शिफ्ट हुई हवाला मनी डकैती मामले की आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे

**सिवनी. हवाला के दो करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए की डकैती के मामले में आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे समेत 11 पुलिसकर्मियों को सिवनी जिला जेल से सेंट्रल जेल नरसिंहपुर एवं रीवा शिफ्ट कर दिया गया है।**

**शेष 10 आरोपी पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर जेल में भेजने का आदेश हुआ जारी, जिला जेल प्रशासन ने ली राहत की सांस**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जेल मुख्यालय भोपाल से आदेश के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस बल की मौजूदगी में नरसिंहपुर एवं रीवा के लिए रवाना किया।
बता दें कि नियम के अनुसार जिले में प्रभावशाली व्यक्तियों को उसी क्षेत्र में नहीं रखा जाता है। आरोपी पुलिसकर्मी काफी समय से सिवनी जिले में तैनात रहे हैं और उन्होंने कई अपराधियों को जेल के सलाखों तक पहुंचाया है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को भी खतरा था। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने कोर्ट को शिफ्टिंग के लिए आवेदन दिया था। जिसे मंजूर कर लिया गया। इसके बाद मुख्यालय से यह निर्णय होना था कि आरोपी 11 पुलिसकर्मियों को किस जेल में शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यालय से आदेश आने के बाद आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे को सेंट्रल जेल रीवा शिफ्ट किया गया। वहीं शेष 10 पुलिसकर्मी एसआई अर्पित भैरम, आरक्षक माखन इनवाती, जगदीश यादव, योगेन्द्र चौरसिया, केदार बघेल, सुभाष सदाफल, नीरज राजपूत, रविन्द्र, रितेश एवं प्रधान आरक्षक राजेश जंघेला को नरसिंहपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया है।
इससे पहले गुरवार को सभी आरोपी पुलिसकर्मियों की 14 दिन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद गुरवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिवनी लोअर कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने हवाला के रुपयों की डकैती करना, गलत तरीके से रोकना, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र के आरोपी एसडीओपी समेत सभी 11 पुलिसकर्मियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। वे 12 नवंबर तक जेल में ही रहेंगे।
बता दें कि सभी आरोपी पुलिसकर्मियों को 17 अक्टूबर को लोअर कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने सभी की जमानत याचिका खारिज कर न्यायिक रिमांड पर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया था। आरोपी पुलिसकर्मियों ने दिवाली जेल में ही मनाई। वहीं आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे ने जिला एवं सत्र न्यायालय में भी जमानत की अर्जी लगाई थी। विशेष न्यायालय में जमानत याचिका की सुनवाई हुई। उन्हें यहां से भी राहत नहीं मिली और जमानत याचिका निरस्त कर दी गई। अब उन्होंने हाइकोर्ट में याचिका लगाई है।
मामले की जांच जबलपुर एसआईटी टीम कर रही है। पुलिस ने अभी चार्जशीट दाखिल नहीं की है। नियम के अनुसार पुलिस के पास 90 दिन का समय चार्जशीट दाखिल करने के लिए होता है। हालांकि कुछ विशेष मामले में यह समय-सीमा बढ़ाई भी जा सकती है। इसके लिए, उन्हें कोर्ट को विशेष कारण बताना होगा। जानकारों का कहना है कि इस बीच अगर आरोपी पुलिसकर्मियों को जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिल जाती है तो ठीक नहीं तो उनकी न्यायिक रिमांड बढ़ती जाएगी। वहीं 90 दिन बाद वे लोअर कोर्ट से जमानत पाने के हकदार हो जाएंगे। आरोपी पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर एवं रीवा जेल में शिफ्ट होने के बाद सिवनी जेल प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

# रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ धनौरा सरपंच दिनेश कोरेती

इन दिनों न केवल कुछ शासकीय अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त है बल्कि कुछ जनप्रतिनिधि भी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भारी भरकम भ्रष्टाचार कर रहे है। बताया जाता है कि शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने धनौरा सरपंच दिनेश कोरेती को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश के चलते जबलपुर लोकायुक्त इकाई की टीम ने सरपंच को ट्रैप किया।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम बंजारा पिता असन लाल बंजारा उम्र 33 वर्ष, निवासी नायक कॉलोनी, ग्राम धनौरा, जिला सिवनी के द्वारा आबादी की जमीन पर मकान निर्माण शुरू किया था जिसमें सरपंच दिनेश कुमार के द्वारा आपत्ति ली गई थी और कहा गया था कि यदि मकान बनाना है तो मुझे एक लाख रुपया देने होंगे। बताया जाता है कि परेशान होकर राधेश्याम ने लोकायुक्त से शिकायत किया जिसके बाद शुक्रवार को राधेश्याम को रिश्वत की राशि देकर पहुंचाया। बताया जाता है कि राधेश्याम रिश्वत की राशि देने सरपंच दिनेश कुमार कोरेती के घर पहुंचा और उसे प्रथम किस्त के रूप में 20000 की रिश्वत दिया तभी लोकायुक्त की टीम मौके पर पहुंची और सरपंच को रंगे हाथ पकड़ते हुए उसे धूमा ले गए जहां कारवाही करते हुए आरोपी सरपंच के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7,13(1) 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की गई। लोकायुक्त ट्रेप दल में प्रभारी निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशि कला, निरीक्षक जितेंद्र यादव निरीक्षक एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल था।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दौड़े सभी



**केवलारी** / नगर के थाने प्रांगण से पुलिस विभाग की देखरेख व सुरक्षा व्यवस्था के साथ एस डी ओ पी आशीष भराड़े पुलिस कि उपस्थिति व नगर निरीक्षक प्रीतमसिंह तिलगाम के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार सुबह 8 बजे एकता दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें पुलिस थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर बस स्टैंड उगली नाका, उगली रोड होते हुए शनिमंदिर होते हुए पुनः थाना वापस होकर थाने में पुलिस विभाग द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था सभी उपस्थित लोगों कराया गया। सांदीपनीय शासकीय स्कूल, शासकीय महा विद्यालय (कॉलेज)के छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाऐं गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी खेल संघों के पदाधिकारी, वरिष्ट खिलाड़ी आम नागरिकों की मौजूदगी रही।कॉलेज प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल जीवनी , उनके बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान नेता और देशभक्त वल्लभ भाई पटेल की विरासत आज भी जीवित है। उन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में याद किया जाता है और उनकी काबिलियत और देशभक्ति के लिए उनका सम्मान किया जाता है। उनकी जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। कार्यक्रम समापन की घोषणा नगर के एस डी ओ पुलिस आशीष भराड़े द्वारा की गई।

# पत्रकार सुरक्षा की मांग को लेकर श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**कुरई** – मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार परिषद इकाई कुरई द्वारा मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन शुक्रवार को एसडीएम कुरई को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने एवं बिना जांच के झूठे प्रकरणों में फंसाए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई है।



जिला अध्यक्ष शरद दुबे की अनुशंसा पर ब्लाक अध्यक्ष बिहारी लाल सोनी की उपस्थि में परिषद के मीडिया प्रभारी योगेश सूर्यवंशी ने बताया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्यरत पत्रकार फील्ड में अनेक चुनौतियों के बीच जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इसके बावजूद कई बार पत्रकारों पर हमले होते हैं या बिना निष्पक्ष जांच के झूठे प्रकरण दर्ज किए जाते हैं, जिससे उनका मनोबल गिरता है और लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हाल ही में सिवनी कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक 899/2025 में दैनिक सिवनी न्यूज़ के संपादक अजय ठाकरे को भी आरोपी बनाया गया है, जबकि वे केवल समाचार कवरेज के लिए घटनास्थल पर मौजूद थे। परिषद ने इसे निंदनीय बताते हुए कहा कि पुलिस द्वारा उनके निवास पर गिरफ्तारी की कार्रवाई अत्यंत अनुचित है।
परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पत्रकारों के विरुद्ध किसी भी शिकायत की जांच पहले राजपत्रित अधिकारी से कराई जाए, प्रदेश में 'पत्रकार सुरक्षा कानून' लागू किया जाए, तथा बिना जांच के पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाई जाए। साथ ही अजय ठाकरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर उनके एवं उनके परिवार को किसी प्रकार की पुलिसिया कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है।
ज्ञापन सौंपने के दौरान श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष कुरई के बिहारीलाल सोनी ,उपाध्यक्ष देवाजी झरिया, उपाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी योगेश सूर्यवंशी, महेश भैरम ,सुधीर बामने, रविंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश सोनी ,जय देव सिंगोरे, अखिलेश डेहरवाल एवं स्थानीय पत्रकार गण मौजूद रहे।



**श्रम जीवी पत्रकार परिषद इकाई छपारा द्वारा छपारा नायाब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

जिले के पत्रकार साथी के ऊपर पुलिस द्वारा वेवजह एफ आई आर किए जाने को लेकर छपारा श्रम जीवी पत्रकार परिषद इकाई छपारा द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन छपारा नायाब तहसीलदार को सौंपा गया।

# बड़े ही धूमधाम से किया गया नेवरगांव तीज मडई का आयोजन



**सोनखार।** विगत दिवस प्रथम वर्ष नेवरगांव में मडई का आयोजन समिति द्वारा बहुत सुंदर और शांति तरीके से संचालन किया चूंकि यह सिवनी जिले की आखरी छोर में आने वाला गांव है जो कि जंगलों से लगा हुआ यहां की सरपंच श्रीमति सोभना गाजेश देखमुख एवं समस्त ग्रामीणों ने बड़े जोडदार तरीके से प्रचार प्रसार किया और यह पहले वर्ष भरने वाली मड़ई को सफल बनाया जहां पूरे क्षेत्र से अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यहां पंचायत के माध्यम से बहुत सुंदर बगीचे का निर्माण विगत वर्ष नेवरगांव पंचायत किया जो की मनमोहक और देखने योग्य है इस पंचायत मुख्य खासियत यह भी है यहां की सरपंच निर्विरोध चुनी गई है जो की गांव एकता को दर्शाता है।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कोष्टी समाज भवन का प्रथम तल स्लेव का भव्य निर्माण होगा



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

श्री हनुमान मंदिर व्यायाम शाला भैरोगंज सिवनी के समाज कोष्टा कोष्टी के नव निर्माणाधीन भवन का प्रथम तल स्लेव का भवन निर्माण कार्य 01 नबम्बर 2025 मप्रप्र स्थापना दिवस को संपन्न होने जा रहा है।
सिवनी के विधायक कर्मठ नेता दिनेश राय मुनमुन की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के स्वेच्छानुदान से निर्माण हो रहा है। अधूरे शेष कार्य की शीघ्र पूर्ण करने हेतु विधायक महोदय कोष्टा समाज जन सहयोगसमाज के व्यायाम शाला छात्रों द्वारा श्रमदान कर एक अनूठा माडल इंजीनियर किशोर पराते सह इंजीनियर शिवानी पराते संरक्षक पूनाराम कुल्हाडे अध्यक्ष एड वीरेन्द्र सोनकेशरिया द्वारा तैयार किया गया है।
कोषाध्यक्ष राहुल वर्वे गौरव सोनकेशरिया संपूर्ण समाज की समितिए पदाधिकारी सदस्यए छात्रगण सभी कठोर परिश्रम श्रमदान, योगदान देकर समाज सदस्यगण भवन को पूर्ण करने हेतु कृत संकल्पित है।समाज संरक्षक पूनाराम कुल्हाडे पूनम ने समाज भवन प्रथम तल स्लेव निर्माण हेतु श्रमदान की अपील की गई है। 01 नबम्बर 2025 को मप्र स्थापना दिवस को यादगार बनाने हेतु प्रयासरत है। संरक्षक. पूनाराम कुल्हाडे पूनम कोष्टा कोष्टी समाज सिवनी।



## नवागत बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला का थाना क्षेत्र में भ्रमण, साइबर ठगी का शिकार हो रहे है लोगों को ठगी का शिकार से बचने के विषय में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नवागत बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला का थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलारबांकी में आगमन हुआ जिस पर ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी का आत्मीय स्वागत किया गया इसके पश्चात थाना प्रभारी द्वारा साइबर ठगी का शिकार हो रहे है लोगो को साइबर ठगी से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी से अवगत कराया गया यदि कोई भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे है तो तत्काल अपने मोबाइल से 1930 डायल कर जानकारी देना चाहिए एवं अपने मोबाईल पर बेवजह अनावश्यक लिंक नहीं खोलना चाहिए। व ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य विषय पर नवागत बंडोल थाना प्रभारी से चर्चा कर अवगत कराया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ सिवनी पुलिस का रन फॉर यूनिटी आयोजन



भारत वर्ष के प्रथम उपप्रधानमंत्री व गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष की 150 वीं जन्म जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश व्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा हेतु स्वयं को समर्पित करने व आंतरिक सुरक्षा हेतु सत्यनिष्ठा से कार्य करने का संकल्प/शपथ दिलाई गई व रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ एन सी सी कैडेट्स,एन एस एस व ट्रैफिक वॉर्डन के वालेंटियर्स ने उत्साहित होकर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम जिला मुख्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केंद्र,नियंत्रण कक्ष के साथ साथ जिले की समस्त पुलिस अनुविभाग,पुलिस थानों व चौकियों में भी आयोजित किए गए व सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत की स्वाधीनता, एकीकरण व राष्ट्र निर्माण के महान योगदान को याद कर कृतज्ञता व्यक्त की गई।

**कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषि से संबंधित विभागों की ली बैठक**

# रबी सीजन की तैयारियों, खाद-बीज उपलब्धता, विभागीय योजनाओं और नरवाई प्रबंधन की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिये

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, मार्कफेड, मंडी बोर्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा उर्वरक वितरण कंपनियों के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि जिले में रबी सीजन की तैयारी सुचारू एवं समन्वित ढंग से की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मार्कफेड एवं मंडी विभाग परस्पर समन्वय कर यह सुनिश्चित करें कि किसानों को खाद, बीज और सिंचाई से संबंधित कोई समस्या न हो।
उन्होंने फसलवार रकबा, उर्वरक एवं बीज की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में भंडारण एवं वितरण व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। किसानों को प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए समितियों, सहकारी संस्थाओं और निजी विक्रेताओं के बीच तालमेल बनाया जाए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने वर्तमान में भावान्तर योजना अंतर्गत मंडियों में चल रही सोयाबीन खरीदी की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उनकी फसल की गुणवत्ता के अनुसार उचित मूल्य प्राप्त हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदी केंद्रों पर तोल, परिवहन और भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा मंडी अधिकारियों को मैदान में रहकर लगातार मॉनिटरिंग करनी चाहिए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने कोदो-कुटकी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मोटे अनाजों का उत्पादन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में नरवाई प्रबंधन के विषय पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि खेतों में नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। उन्होंने कृषि अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई प्रबंधन के विकल्पों से अवगत कराया जाए और अधिक से अधिक कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँ। इन कार्यशालाओं में सीडर, सुपर सीडर, हैपी सीडर, रोटावेटर, स्ट्रा रेक, बेलर मशीन जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जाए ताकि किसान इनका उपयोग समझ सकें। जिले में मेढ़-नाली पद्धति से बोई गई मक्का फसलों में मोबाइल श्रेडर मशीन के सफल प्रयोगों को जिलेभर में प्रचारित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने अधिकारियों को सभी किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषि और उद्यानिकी विभागों को निर्देश दिए कि माइक्रो इरिगेशन तकनीक (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली) को अधिकाधिक बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में किसान नहरों से सिंचाई पर निर्भर हैं, जिससे जल की मांग बढ़ जाती है। माइक्रो इरिगेशन अपनाने से जल की बचत, सिंचाई दक्षता में वृद्धि और उत्पादन लागत में कमी आएगी।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिये बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी

**सिवनी** / भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र सिवनी, बरघाट, केवलारी एवं लखनादौन में बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी.एल. चनाप सिवनी में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देकर बीएलओ से अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और आयोग के सभी निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करें।
श्री चनाप ने कहा कि आगामी 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं का गणना पत्रक तैयार करें, मतदाताओं की पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से डाटा लिंकिंग के कार्य को पूरी सावधानी से करे। उन्होंने मतदाता सूची का सत्यापन में भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और अपात्र नाम सूची में न रहे। मृतक या स्थानांतरित मतदाताओं के नामों को हटाने की प्रक्रिया भी सावधानीपूर्वक की जाए। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रपत्रों का संकलन, सत्यापन और प्रविष्टि कार्य समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित तिथियों में पूर्ण किया जाए, जिससे जिले की मतदाता सूची अधिक शुद्ध एवं विश्वसनीय बने।

### हेलमेट नहीं लगाने से लोगों की हादसों में मौत हो रही

# जन सुरक्षा हित में आज से हैलमेट पहनना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि बालाघाट शहर में शासन के निर्देशों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा 1 नवंबर से जनहित और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है।

सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे हेलमेट का नियमित उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।हैलमेट खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल जरूर लें जिसमें हेलमेट की समस्त जानकारी दर्ज हो अगर कोई दुकानदार बिल देने में असमर्थता जताता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें जिससे संबंधित पर कार्रवाई की जा सकती है ।

इसी क्रम में, पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख मार्गों पर बैरिकेटिंग लगाई गई है, जिससे यातायात का प्रवाह सुरक्षित और नियंत्रित बना रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे इन व्यवस्थाओं का पालन करें और निर्धारित मार्गों एवं संकेतों के अनुसार ही अपने वाहनों का संचालन करें।

#### जल्द ही बालाघाट में लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

नगर पालिका अध्यक्ष ने आगे बताया कि आगामी समय में बालाघाट शहर में ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना के लिए नगर पालिका द्वारा तकनीकी विशेषज्ञों से निरीक्षण (सर्वे) करवाया गया है।

विशेषज्ञों ने काली पुतली चौक और डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाने की अनुमति प्रदान की है।जिसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है ।

नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि इस माह के भीतर ही दोनों स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी।

इसके साथ ही, शहर के विभिन्न स्थानों पर संकेतक बोर्ड, चेतावनी लाइट, कन्वेक्स मिरर (Curve Mirrors) और अन्य जन सुरक्षा उपकरण भी लगाए जाएंगे, जिससे नागरिकों को यातायात दिशा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

#### अतिक्रमण हटाने पर भी होगी सख्त कार्रवाई

नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी समय में शहर के यातायात को और अधिक व्यवस्थित करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ संयुक्त चर्चा की जाएगी,

ताकि ऐसे स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सके, जहां से यातायात का प्रवाह बाधित होता है।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई संपूर्ण जनहित में की जाएगी, ताकि बालाघाट शहर की सड़कों पर सुगम, सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। वहीं छोटे दुकानदारों रैहड़ी-ठेले वालों को भी व्यवस्थित किया जाएगा ।

### चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितिका राणा को कारण बताओं नोटिस जारी

# जिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए आयी महिला का सिजेरियन ऑपरेशन नही करने का मामला

#### डॉ. राणा से दिलाई गई सिजेरियन की क्षतिपूर्ति राशि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला चिकित्सालय बालाघाट में प्रसव के लिए आयी महिला का सिजेरियन ऑपरेशन नही करने के मामले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितिका राणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके विरूद्ध इस कृत्य के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों की ओर भेजा जाए। डॉ. रितिका राणा को 24 घंटे के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

गर्भवती महिला श्रीमति शीतल पति संजू ग्वाले दिनांक 30 अक्टूबर को दोपहर 01:40 बजे प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती हुई थी। डॉ. रितिका राणा द्वारा महिला एवं उसके परिजनों से कहा गया कि सिजेरियन ऑपरेशन के लिए अन्य चिकित्सक की भी आवश्यकता होगी और उनके द्वारा महिला का सिजेरियन नही किया गया। 30 अक्टूबर की शाम 07:25 बजे महिला जिला चिकित्सालय से अन्य निजी चिकित्सालय डॉ ममता टेम्भुनें के यहाँ चली गयी। जहाँ डॉ. ममता टेम्भुर्ने द्वारा महिला का सफलतापूर्वक सिजेरियन ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन के बाद माँ तथा बच्चा दोनो स्वस्थ है। डॉ ममता टेम्भुनें के निजी चिकित्सा संस्थान में कोई विशेष अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा नहीं है जो कि जिला चिकित्सालय बालाघाट में उपलब्ध नहीं है। डॉ. रितिका राणा द्वारा महिला का सिजेरयन जिला चिकित्सालय में भी किया जा सकता था लेकिन उनके द्वारा कार्य को टाला गया, जो कि उनकी कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है।

कलेक्टर श्री मीना के संज्ञान में यह जानकारी आने पर उन्होंने डॉ. रितिका राणा के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इस पर सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने सिजेरियन के लिए मना करने वाली चिकित्सक डॉ. रितिका राणा को अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने एवं कदाचरण के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाए। डॉ. रितिका राणा को 24 घंटे के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

कलेक्टर श्री मीना के निर्देश पर गर्भवती महिला श्रीमति शीतल पति संजू ग्वाले के सिजेरियन ऑपरेशन में हुए सम्पूर्ण व्यय की क्षतिपूर्ति डॉ. रितिका राणा द्वारा श्रीमती शीतल को प्रदान कर दी गई है।

### शासकीय सेवा में होने के बाद भी निजी क्लीनिक संचालित करने का मामला

# शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आषुतोष बांगरे एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.गीता बारमाटे की पेथालॉजी क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में शासकीय सेवा में होने के बाद भी नियम विरूद्ध निज निवास पर पृथक से क्लीनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 31 अक्टूबर को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष बांगरे एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.गीता बारमाटे की पेथालॉजी क्लीनिक सील कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पंकज महाजन, नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुलता महोबिया एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी डॉ.श्रद्धा सिंह के दल द्वारा 31 अक्टूबर को थाना प्रभारी कोतवाली बालाघाट के सहयोग से भटेरा रोड़ पर श्री अमृतलाल यादव के मकान में डॉ. आशुतोष बांगरे शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट द्वारा संचालित नीजि क्लीनिक मातृ छाया चाईल्ड केयर क्लीनिक तथा डॉ.श्रीमती गीता बारमाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट द्वारा समता भवन रोड़, गौसिया मस्जिद के पास, बुढ़ी बालाघाट में संचालित सिटी पेथालॉजी लेब को सीलबंद किया गया ।

निरीक्षण दल को डॉ. आशुतोष बांगरे द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा स्वयं के निवास हेतु किराये पर भवन लेकर उसके ग्राऊण्ड फ्लोर में शिशु रोग चिकित्सकीय परामर्श सेवाएं दी जाती है, किन्तु डॉ. आशुतोष बांगरे द्वारा किराया अनुबंध पत्र निरीक्षण दल को प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही निरीक्षण दल द्वारा भवन के प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल का भी निरीक्षण किये जाने पर किसी भी फ्लोर में डॉ.आशुतोष बांगरे के स्वयं अथवा परिवार के आवास होने का कोई प्रमाण नहीं मिलने के कारण उनके द्वारा संचालित मातृ छाया चाईल्ड केयर क्लीनिक को सीलबंद कर दिया गया है।

डॉ.श्रद्धा बारमाटे स्त्री रोग विषेषज्ञ के निज निवास परिसर का निरीक्षण करने पर उनके आवासीय भवन परिसर में सिटी पेथालॉजी लेब संचालित किया जाना पाया गया । पेथालॉजी लेब के लेटरहेड पर डॉ.श्रीमती गीता बारमाटे स्त्री रोगी विषेषज्ञ का नाम, योग्यता एवं पंजीयन क्रमांक अंकित पाया गया । पेथालॉजी लेब में लेब टेक्नीशियन ब्रज बिहारी ड़ोंगरे उपस्थित पाया गया, जिसकी योग्यता डी.एम.एल.टी.है, उसके द्वारा रोगियों के सेम्पल लेकर स्वयं ही परीक्षण कर हस्ताक्षर किये बिना ही परीक्षण रिपोर्ट दिया जाना बताया गया। इस पेथालॉजी क्लीनिक का मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन नहीं कराया गया है। पेथालॉजी लेब में उपलब्ध रोगियों के रजिस्टर को निरीक्षण दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेते हुये अवैद्य रूप से संचालित पेथालॉजी क्लीनिक को भी सीलबंद कर दिया गया ।

इन दोनो चिकित्सकों द्वारा राज्य शासन के नियमों का उल्लंघन करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम के तहत दण्डनीय कृत्य किये जाने के कारण उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

# पीएम श्री कन्या उच्च.मा.वि. बूढ़ी बालाघाट में एफ.एल.एन. मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शास.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी बालाघाट में 30 अक्टूबर को स्कूल में कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के लिए एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों की रीडिंग स्किल,राइटिंग स्किल का मूल्यांकन कर इसके साथ ही संख्यात्मक जानकारी का मूल्यांकन हुआ।इस अवसर पर बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।उन्होंने अपने बच्चों के शैक्षणिक स्तर को देखा।मेले में शैक्षणिक स्तर को जानने स्टाल लगाए गए थे। वही स्कूल के प्राचार्य एस. के. तुरकर और पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल की शिक्षिका शशि तिवारी, श्रीमती सवालखिया,श्रीमती पिछोड़े के मार्गदर्शन में मेले का सफल आयोजन हुआ।श्रीमती सवालखिया ने सभी को मेले के आयोजन के उद्देश्य एवं जानकारी से अवगत कराया।




# देव उठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं के अंतर्गत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में 31 अक्टूबर को बैहर विकासखंड के ग्राम सोनपुरी उकवा, कटंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोनकट्टा में देव उठनी ग्यारस 02 नवंबर 2025 के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए महिलाओं को जानकारी प्रदाय की गई।

इस दौरान बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लडके का विवाह किया जाना दण्डनीय अपराध है, जिसमे बालकों की मानसिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ संबंधी समस्याए उत्पन्न होती है एवं रोजगार के अवसर भी समाप्त हो जाते है क्योंकी बालको की शिक्षा पूर्ण नही हो पाती जिससे प्रगति में रोक लग जाती है। बाल विवाह की शिकायत पुलिस, बाल कल्याण समिति, सीएमपीओ, चाइल्ड लाइन 1098, एनजीओ में दे सकते है। बाल विवाह एक संज्ञेय एवं गैर जमानतीय अपराध है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराना एक दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक का कठिन कारावास व 01 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### देश की दिशा और दशा बदलने में स्वर्गीय इंदिरा गाँधी की बहुत बड़ी भूमिका-पटेल

# कांग्रेसियों ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



कांग्रेस जनसम्पर्क कार्यालय में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री व उपप्रधानमंत्री, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती सम्मान समारोह पूर्वक मनाई गई।

कांग्रेसियों द्वारा स्वर्गीय इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दोनों के अमर रहने के नारे लगाएं। इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में इंदिरा गांधी को विशेष रूप से याद किया जाता हैं, उनकी महानता इतनी थी कि विपक्ष के नेता होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा का अवतार की संज्ञा दी थी। एक तेज तर्रार, त्वरित निर्णायक क्षमता और लोकप्रियता ने इंदिरा गांधी को देश और दुनिया की सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार कर दिया था। इंदिरा गांधी को देश तीन कार्यो के लिए सदैव याद करता हैं, पहला बैंकों का राष्ट्रीयकरण, दूसरा पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का उदय करने एवं तीसरा राजा-राजबाड़ी प्रथा को समाप्त करना।

### तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना पर ऑनलाईन प्रेरणा सत्र का हुआ आयोजन



**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को ध्यान में रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन द्वारा 'तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना' विषय पर 29 अक्टूबर को ऑनलाईन प्रेरणा सत्र आयोजित किया गया। यह ऑनलाइन सत्र महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 शिव कुमार रॉय चेयरमेन फोर्थ वॉयस मीडिया नेटवर्क पॉईट आउट ग्रुप नई दिल्ली थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन एवं आंतरिक शक्ति को बढ़ाने पर विविध व्यावहारिक उदाहरणों समेत अपना व्याख्यान दिया। इस ऑनलाइन सत्र में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम समेत सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# अतिवृष्टि एवं कीट व्याधि से फसल क्षति का सर्वे कार्य जारी

#### पटवारियों को फसल क्षति का तत्परता के साथ सर्वे करने के निर्देश

**बालाघाट।** जिले में इन दिनों हो रही वर्षा के कारण एवं कीट व्याधि के कारण धान की फसल को हो रही क्षति के सर्वे को लेकर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 31 अक्टूबर को राजस्व, कृषि, सहकारी बैंक, खाद्य आपूर्ति एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले में इन दिनों हो रही वर्षा एवं माहू की बीमारी के कारण धान फसल को पहुंची क्षति का सर्वे करने के लिए सभी पटवारियों को सख्त निर्देश दिए। सर्वे कार्य में कृषि विभाग के मैदानी अमले एवं पंचायत सचिव भी साथ रहेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को भी निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में फसल क्षति सर्वे कार्य की निगरानी करें और सुनिश्चित करे कि पटवारी नियमित रूप से सर्वे कार्य में लगे रहें। जहां पर किसानों से पटवारी द्वारा सर्वे नही किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ किसानों के खेतों का भ्रमण कर फसल क्षति का मुआयना करें। जिले में कहीं से भी किसानों से शिकायत नही मिलना चाहिए कि पटवारी सर्वे कार्य के लिए नहीं पहुंच रहे है। जहां कहीं से भी ऐसी शिकायत मिलेगी तो तत्काल संबंधित पटवारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

धान फसल को हुई क्षति के संबंध में जानकारी देने किसानों के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07632-240102 पर किसान फोन कर जानकारी दे सकते है कि पटवारी उनके खेत में फसल क्षति सर्वे के लिए पहुंच रहे है या नहीं पहुंच रहे है।

किसान इस नम्बर पर प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। इस कंट्रोल रूम में पशु चिकित्सा विभाग के प्रगणक मौसम कोडापे मोबाईल नम्बर 8817769444 एवं रेशम विभाग के सहायक ग्रेड 3 युगलकिशोर पटले मोबाईल नम्बर 9479699081 की ड्यूटी आगामी आदेश तक के लगायी गई है।

### नगर परिषद बैहर की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# जरूरतमंदों को छोड़ पार्षदों को दिया जा रहा है आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की नगर परिषद बैहर इन दिनों प्रधानमंत्री आवास को लेकर सुर्खियों में बना है। एक ओर जहां सरकार उन गरीब तबके के जरूरतमंदों लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए अथक प्रयास कर रही है, लेकिन वहीं दूसरी ओर, कुछ भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी सिर्फ और सिर्फ अपने रिश्तेदारों और जनप्रतिनिधियों को लाभ पहुंचाने की सारी हदे पार करते नजर आ रहे है, जी हा यह मामला और कही का नहीं बल्कि नगर परिषद बैहर का है जहां गरीब और जरूरतमंदों को आवास का लाभ देने से वंचित रखा जाता है, लेकिन नगर के पार्षद और शासकीय कर्मचारी को आवास का लाभ देने के लिए कतई चूक नहीं रहे है। इसे सांठगांठ कहे या जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी।

**जरूरतमंदों को छोड़ पार्षदों को पहुंचा रहे आवास का लाभ:** बालाघाट जिले की नगर परिषद बैहर अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहा है, विकास निर्माण तकनीक जैसे कार्यों में पलीता लगाने के साथ साथ अब प्रधानमंत्री आवास में भी जमकर घोटाला किया जा रहा है। यहां बड़े ही आश्चर्य की बात यह है, कि गरीब और जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ देने की बजाए पार्षदों को आवास का लाभ देकर वाह वाही लूट रहे है, और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बनकर नेताओं की गुलामी करते नजर आ रहे है, हालिया मामला वर्ष 2022 में वार्ड नंबर 6 की पार्षद सुरपति यादव को बिना किसी आपत्ति के आवास का लाभ दिया जाता है, लेकिन उसी वार्ड में रहने वाले अन्य नागरिक जब आवास योजना का लाभ लेने जाते थे तो उन्हें बड़े झाड़ के जंगल में निवास करते हो, कहकर भगा दिया जाता था और आवेदन को कचरे के डिब्बे में फेक दिया जाता था, लेकिन सिर्फ और सिर्फ पार्षदों को ही इसका लाभ मिलना अधिकारी कर्मचारियों की भ्रष्ट नीति को दर्शाता है। जिससे आम नागरिक बेहद परेशान है।

**नगर परिषद के शासकीय कर्मचारी भी आवास योजना का बखूबी उठा रहे लाभ:** नगर परिषद बैहर के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि को यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा की यहां सब के सब चोर चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर काम कर रहे है। जब से देश के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देना प्रारंभ किया है तब से, शहरी आवास योजना को लेकर नगर परिषद बैहर सुर्खियों में बना है, यहां सबसे पहले आवास का लाभ उठाने वालो में जनप्रतिनिधि, नगर परिषद के कर्मचारी और रसूखदारों के नाम आवास की लाभान्वित सूची में अंकित है। जानकारी अनुसार अब तक नगर परिषद बैहर अंतर्गत 14 सौ से अधिक हितग्राही आवास योजना का लाभ ले चुके है, जिसमें नगर परिषद बैहर के जनप्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी, रसूखदार और कर्मचारियों से जुड़े उनके परिवार स्वयं को गरीब बताकर, धडल्ले से आवास योजना का लाभ ले रहे है, लेकिन नगर के जरूरतमंदों और गरीब जनता को इस योजना का लाभ देने से इंकार कर रहे है। और विभिन्न प्रकार का बहाना बताकर आवेदनों को कचरे के डिब्बों में डालकर भेदभाव व्यक्त कर रहे है।



**पक्के आवास वालो को भी दिया गया है पीएम आवास का लाभ:** नगर परिषद बैहर में सांठगांठ को लेकर यहां के अधिकारी कर्मचारी की कार्यप्रणाली चरम पर है, जब कोई भी कार्य कराना हो तो, यहां सांठगांठ को ज्यादा तवज्जो दिया जाता है, क्योंकि इसका सीधा फायदा अधिकारी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की जेबें गर्म करता है, ऐसा ही मामला वार्ड न 6 का है जहां पार्षद सुरपति यादव कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नपा के कर्मचारियों से सांठगांठ करके स्वयं आवास योजना का लाभ उठा ली, जब उक्त अवैध लाभ के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को शिकायत की गई तो, कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे सुरपति यादव का हौंसला बढ़ा और उसने अन्य दो मनोज साहू व दीपक पंचभावे को, जिनका पहले से ही पक्का मकान था, उनसे साठगांठ कर अवैध रूप से आवास का लाभ दिला दी गई। उक्त मामले की शिकायत पर भी कार्यवाही शून्य रही।

**बैहर एसडीएम की कार्यप्रणाली पर संदेह**

यहां बड़े ही दुख की बात यह है। की बैहर एस डी एम अर्पित गुप्ता सामाजिक, शैक्षणिक, और खेल विद्या को आगे बढ़ाने के साथ साथ, न्यायपूर्ण बैहर की बात करते है, लेकिन कही ना कही श्री गुप्ता की कार्यप्रणाली अब संदेह के घेरे में नजर आती है, जो अपनी प्रशासनिक आचार संहिता और कर्तव्यों को भूलकर छूटभैये नेताओं के इर्द गिर्द और उनके हुक्म पर कार्य करने को लेकर चर्चाओं में बने हुवे है । विगत समय भी उक्त आवास योजना को लेकर शिकायत की गई थी, और वर्तमान में भी दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को भी अवैध रूप से लाभ ले रहे लोगो की शिकायत की गई थी, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिससे ऐसा प्रतीत होता है की, कही एस डी एम बैहर छूटभैये नेताओं के इशारे पर तो काम नहीं कर रहे है, या सांठगांठ को बढ़ाने कार्यवाही पर पूर्णविराम लगा हुआ है, खैर जो भी हो, लेकिन बैहर एस डी एम की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में नजर आ रही है।

#### इनका कहना है

जिन प्रतिनिधियों के कच्चे मकान है उनको मिला होगा, रही बात शासकीय कर्मचारी की तो वह आवास लेने के दायरे में आता होगा और पक्के मकान वालो को लाभ मिला है तो मैं संज्ञान में लेता हूं।

**दिलीप बाँडेबूचे,**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बैहर**